जवाब दो!!! सरकार
www.jawabdosarkar.com
देश का पहला जवाबदेही पोर्टल

देश के लिए.....अव्यवस्था के खिलाफ......

जवाब दो!!!सरकार...

www.jawabdosarkar.com

रेफरेंस संख्या –2020/leader/01 E-Newsletter, Issued in Public Interest शनिवार, 11 अप्रैल 2020

कोरोना योद्धा श्रंखला:-1

अपनी पंचायत को अपना परिवार समझने वाला जन नायक

श्री हनुवंत सिंह राठौड़

जैसे ही राजस्थान में लोकडाउन की घोषणा हुई भीलवाडा जिले की पंचायत खारी का लाम्बा में सरपंच रहे श्री हनुवंत सिंह राठौड़ स्थिति की गंभीरता को भांप गये|वह समझ गये कि दुसरे देशों की तरह यहाँ भी यह लोकडाउन लम्बा चलेगा और सरकार को इस गाँव तक राहत पहुचाने में देर हो जायेगी|उन्होंने उसी वक्त अपने मित्रों,सहयोगियों के साथ कोरोनाकाल से लड़ने की रणनीति बनायीं|सबसे पहले स्वयं के स्तर पर पंचायत का सर्वे किया गया और पता लगाया गया कि यहाँ कितने लोग बाहर से आये है और स्थानीय फैक्ट्रियों,मिलों और खानों में दैनिक मजदूरी करते है,उनके अनुसार यह लोग ज्यादा राशन जमा करके नहीं रखते अतः इस लोगो को राहत सामग्री की ज्यादा आवश्यकता है|

इस कार्य को फलित करते हुए,उनके और उनके सहयोगियों द्वारा 26 मार्च से आज तक 340 किट तैयार कर बंटवाये जा चुके है,एक किट में 5 किलो आटा,चाय,शक्कर,डाल,मिर्च पाउडर,धनिया पाउडर,हल्दी पाउडर एवं नमक रखा जाता है,यू.पी.,बिहार के मजदूर होने पर 3 किलो चावल अतिरिक्त वितरण किया गया है|साथ ही 350 पैकेट हरी सब्जियों के भी वितरित किये गए है|

उनके द्वारा अन्नपूर्णा नि:शुल्क दूध वितरण समिति का गठन कर 320 परिवारों को 3 अप्रेल से 250ml दूध का वितरण किया जा रहा है| उनके और उनके सहयोगियों द्वारा 400 मास्क गाँववासियों को एवं 200 मास्क और 20 सेनेटाईजर की बोतलें पंचायत के चिकित्साकर्मियों और आंगनवाडीकार्यकर्ताओ को वितरित किये जा चुके है|

उनके द्वारा 5 सफाईकर्मियों को स्वयं के खर्चे पर पंचायत क्षेत्र की सफाई कार्य में नियमित रूप से लगाया गया है|लोकडाउन की अवधि को बढ़ने को लेकर वह और उनके सहयोगी कतई चिंतित नहीं नजर आते बल्कि उनके अंदर सेवा की भावना और प्रबल होने लगी है|

इस पुनीत कार्य में उनका सहयोग देने वाले मित्र व सहयोगी

श्री सुनील पारीक	श्री शिवराज सिंह	श्री अनिल पीपाडा	श्री महावीर पीपाडा	श्री भूपेन्द्र सिंह
श्री श्याम पारीक	श्री ओम जोशी	श्री संपत परिहार	श्री रतन सिंह पंवार	श्री शिव राज नायक
श्री नंदराम गुर्जर	श्री पुखराज लुहार	श्री गोपाल गुर्जर	श्री जीवराज जाट	श्री सांवरजाट
श्री शम्भू सिंह	श्री सुखदेव जाट	श्री भंवर जांगिड	श्री भंवर जाट	श्री भैरू रायका
श्री नाथू रायका	श्री नारायण रायका	श्री विजेंद्र सिंह	श्री चेतनपुरी	श्री सुरेश वैष्णव
श्री देवराज जाट	श्री गोपाल माली	श्री रामेश्वर माली	श्री देशराज जाट	श्री महेंद्र माली
श्री शंकर गोस्वामी	श्री भगवान गोस्वामी	श्री सुरेश लुहार	श्री बाबूलाल माली	श्री हनुमान वैष्णव
श्री दिनेश वैष्णव	श्री अनिल वैष्णव	श्री माधु भील	श्री गोविन्द भील	